दिनांक : 04/03/2026 समय :7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खाड़ी देशों में चले संघर्ष को लेकर कुवेत के शहजादे से बात की। क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की बहाली पर दिया जोर।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल में देखी फिल्म शतक। कहा-प्रत्येक नागरिक को यह फिल्म देखनी चाहिए।
- रंगो का पर्व होली प्रदेशभर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है।
- आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप का पहला सेमीफाइनल मैच आज दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री-कुवैत कतर ओमान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल कुवैत के शहज़ादे शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से टेलीफोन पर बात की। श्री मोदी ने इस दौरान कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन की निंदा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत इस कठिन समय में कुवैत के लोगों के साथ है। उन्होंने क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की बहाली में संवाद और कूटनीति के महत्व पर बल दिया। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने इस चुनौतीपूर्ण समय में भारतीय समुदाय के लिए कतर के अमीर के निरंतर समर्थन के लिए भी आभार व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने संवाद और कूटनीति के माध्यम से क्षेत्र में शांति और स्थिरता की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक से बातचीत में पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय समुदाय को ओमान के निरंतर समर्थन की सराहना की।

फिल्म "शतक : संघ के 100 वर्ष"-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र निर्माण के लिए संकल्पबद्ध प्रत्येक नागरिक को फिल्म "शतक : संघ के 100 वर्ष" देखना चाहिए। यह एक प्रेरक फिल्म है जो राष्ट्र के लिए कर्म प्रधान भूमिका का आहवान करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल भोपाल में यह फिल्म देखने के बाद ये विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास के अध्ययन और अतीत से अवगत होकर संघ संस्थापकों और पदाधिकारियों ने राष्ट्र सर्वोपरि के भाव को सशक्त बनाने और भविष्य को बेहतर बनाने की कल्पना कर ली थी।

गैस और तेल की कीमतें

मध्य पूर्व में संघर्ष बढ़ने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में, गैस की कीमतों में उछाल आया है। वैश्विक शेयर बाजारों में भी गिरावट आई है। सोमवार को हुई तेज वृद्धि के बाद कल ब्रिटेन में गैस की कीमत तीन वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। वहीं, ब्रेंट क्रूड ऑयल बेंचमार्क जुलाई 2024 के बाद पहली बार संक्षेप में 85 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया। इस बीच, अमरीका और यूरोप के शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई है।

पश्चिम एशिया - सीबीएसई परीक्षाएं स्थगित

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड -सी.बी.एस.ई. के पश्चिम एशियाई क्षेत्र ने 5 और 6 मार्च को होने वाली कक्षा 10 और 12 की परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। इन परीक्षाओं की संशोधित तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। बोर्ड ने यह भी कहा कि 7 मार्च से आगे होने वाली परीक्षाओं के संबंध में गुरुवार तक स्थिति की समीक्षा के बाद निर्णय लिया जाएगा।

किसान कल्याण वर्ष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे अन्नदाता ही मध्यप्रदेश के भाग्य विधाता हैं। हम सब प्रदेश के कृषि परिदृश्य में आये ऐतिहासिक परिवर्तन के साक्षी हैं। उन्होंने एक बयान में कहा कि मध्यप्रदेश आज इसी सर्वकालिक सत्य का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा

है। किसी दौर में सिंचाई, बिजली और संसाधनों के अभावों से जूझने वाला मध्यप्रदेश आज कृषि क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों की पंक्ति में खड़ा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वर्ष 2026 किसान कल्याण वर्ष के साथ रोजगार आधारित कृषि उद्योगों के विकास वर्ष के रूप में भी मनाया जा रहा है। इसका एकमात्र लक्ष्य है हर संभव तरीके से किसानों की आय बढ़ाकर उनके जीवन में समृद्धि लाना। राज्य सरकार किसानों को परम्परागत खेती-किसानी के बजाय अब वैज्ञानिक, उन्नत और परिष्कृत कृषि पद्धति अपनाने के लिये प्रेरित कर रही है। किसानों की वर्षा जल के संरक्षण, खेती की मिट्टी की सेहत और सीरत पर विशेष ध्यान, उन्नत बीज और जैविक-प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है।

सिंधिया-बार्सिलोना

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि भारत न केवल अपने 140 करोड़ नागरिकों के लिए नेटवर्क का निर्माण कर रहा है, बल्कि विश्व के लिए विश्वसनीय डिजिटल सेतु भी बना रहा है। श्री सिंधिया ने यह बात स्पेन के बार्सिलोना में मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2026 में भारत पवेलियन का उद्घाटन करते हुए कही।

श्री सिंधिया ने कहा कि पवेलियन में भारतीय नवप्रवर्तकों की मजबूत उपस्थिति सुरक्षित नेटवर्क के निर्माण, एआई-आधारित दूरसंचार अवसंरचना, विश्वसनीय पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने तथा विश्व स्तर पर दूरसंचार निर्यात का विस्तार करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

टी20 विश्व कप

आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप का पहला सेमीफाइनल मुकाबला आज शाम दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। यह मैच कोलकाता के ईडन गर्डन्स में शाम 7 बजे से शुरू होगा।

दूसरे सेमीफाइनल में कल भारत का सामना मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से होगा। दोनों मैचों के विजेता 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला खेलेंगे।

होली

प्रदेशभर में आज रंगों का पर्व होली उत्सव मनाया जा रहा है। कल चंद्रग्रहण के कारण धुलेंडी पर्व नहीं मनाया गया। यह पर्व वसंत ऋतु के आगमन का संकेत देता है। होली समानता और भाईचारे का संदेश देती है। आज सुबह से ही हुलियारे रंग गुलाल के साथ होली खेल रहे हैं। और एक दूसरे को शुभकामनाएं दे रहे हैं। उत्सव के दौरान लोग सड़कों पर निकलकर रंग गुलाल, गुब्बारों और लोकप्रिय गीतों के साथ होली का उत्सव मना रहे हैं। इस अवसर पर राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के सभी शहरों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गए हैं।

होली - 2

मुख्यमंत्री निवास में आज रंगोत्सव मनाया जाएगा। भोपाल में हिंदू उत्सव समिति के तत्वधान में मुख्य चल समारोह निकाला जाएगा। चल समारोह में रास्ते भर होली के संगीत, ढोल ताशे मुख्य आकर्षण होंगे। होली का चल समारोह जैसे ही सोमवार पीर गेट पर पहुंचेगा यहां पानी के टैंकरों से श्रद्धालुओं पर रंगों की बौछार की जाएगी। समिति ने नशा मुक्त होली की अपील शहर वासियों से की है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- बैतूल मुख्यालय पर 3 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सर्किट हाउस का निर्माण किया जाएगा। कल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने प्रस्तावित नवीन भवन निर्माण स्थल का अवलोकन किया।
- गुना भारतीय सेना में अग्निवीर पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना को जारी की गई है। जो 01 अप्रैल 2026 तक खुली रहेगी यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- खंडवा जिले में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिये 6 मार्च को एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया पुलिस परेड ग्राउंड पर किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजगढ़ में शुक्रवार को यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन किया जाएगा।

- पुलिस द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन की शीघ्र बरामदगी के लिये चलाए गए विशेष अभियान के दौरान विभिन्न जिलों में कुल 1835 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किए गए हैं।
- आगामी 14-15 मार्च को मानस भवन भोपाल में चौथी अंर्तराष्ट्रीय रामायण कांफेंस का आयोजन किया जा रहा है।

-------------